# प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक **25-06-2025** को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

**1- थाना मूडापाण्डे पुलिस द्वारा चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुये संलिप्त 02 अभियुक्त को गिरफ्तार कर, अभियुक्तगण के कब्जे से अवैध 01 देसी तमंचा व 01 कारतूस 315 बोर, अवैध 01 चाकू, 01 मोटर साईकिल व चोरी से संबंधित सामान 01 पासपोर्ट, 01 गैस सिलेन्डर, 01 पंखा आदि व 36600/-रुपये बरामद किया गया।**

अवगत कराना है कि दिनांक 16.02.2025 को वादिनी इंचार्ज अध्यापिका जुनियर हाईस्कूल इकटोरिया थाना मूढ़ापाण्डें ने अज्ञात चोरो द्वारा उक्त स्कूल से रसोई का सामान गैस सिलेन्डर, चूल्हा,पंखा,लैपटाप, रजिस्टर, स्टेशनरी का सामान आदि चोरी कर ले जाने के संबंध में थाना मूढापाण्डे पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना मूढ़ापाण्डें पर मु0अ0सं0- 49/2025 धारा- 305(a) बीएनएस बनाम अज्ञात के पंजीकृत किया गया । तथा दिनांक 14.04.2025 को वादी नाजिम पुत्र भूरा निवासी सक्टूनंगला थाना मूढ़ापाण्डें ने अज्ञात चोरो द्वारा रात्रि में वादी के घर में घुसकर अलवारी से जेवरात व 25000/-रु0 चोरी कर ले जाने के संबंध में तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0- 131/2025 धारा- 331(4)/305 भा0द0वि0 बनाम 04 अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत किया गया।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद निर्देशन में चोरी की घटनाओ का अनावरण व संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक नगर, मुरादाबाद के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी हाईवे के मार्ग-दर्शन में थाना मूढ़ापाण्डें पर टीम गठित की गयी । गठित टीम द्वारा विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में अज्ञात चोरो की तलाश/सुरागरसी पतारसी , सीसीटीवी कैमरे चेक व साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की गयी । साक्ष्यो के आधार पर अभियुक्तगण 1. शरीफ अहमद पुत्र मौ0 रजा निवासी ग्राम रतनपुर कलाँ थाना पाकबड़ा जिला मुरादाबाद, 2. जर्रार पुत्र मौ0 हैदर निवासी मो0 सराय कस्बा अगवानपुर थाना सिविल लाईन जनपद मुरादाबाद आदि अभियुक्तगण के नाम प्रकाश में आये । विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 25.06.2025 को थाना मूढ़ापाण्डें पुलिस गठित टीम द्वारा प्रकाश में आये अभियुक्तगण 1. शरीफ अहमद पुत्र मौ0 रजा उपरोक्त, 2. जर्रार पुत्र मौ0 हैदर उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त शरीफ अहमद कब्जे से अवैध 01 चाकू व अभियुक्त जर्रार के कब्जे से अवैध 01 तमंचा व 01 कारतूस 315 बोर, एक मो0सा0 बरामद हुई । अभियुक्तगण की निशादेही पर मुकदमा उपरोक्त से संबंधित चोरी का सामान 01 पासपोर्ट, 01 एटीएम कार्ड, 01 गैस सिलेन्डर इण्डेन कम्पनी, 01 छत पंखा, कुल नगद 36600/ रुपये बरामद किये गये ।

बरामदगी के आधार पर उक्त अभियोगो में धारा- 317(2) बीएनएस व मु0अ0सं0- 131/2025 में धारा- 3/4/25 आर्म्स एक्ट की वृद्धि की गयी। बरामद मो0सा0 को धारा- 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया। अभियुक्तगण द्वारा संक्षिप्त पूछताछ में अपने अन्य साथियो के नाम बताये गये, जिनमें से 04 अभियुक्तगण को थाना छजलैट पुलिस द्वारा चोरी के मामले में गिरफ्तार किया गया है। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है। अभियुक्तगण शातिर किस्म के चोर हैं। जो पूर्व में भी चोरी व अन्य मुकदमो मे जेल जा चुके है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगणः-**

1- शरीफ अहमद पुत्र मौ0 रजा निवासी ग्राम रतनपुर कलाँ थाना पाकबडा जनपद मुरादाबाद
2- जर्रार पुत्र मौ0 हैदर निवासी मो0 सराय कस्बा अगवानपुर थाना सिविल लाईन जनपद मुरादाबाद।

**बरामदगीः-**

1- एक पासपोर्ट
2- एक एटीएम कार्ड
3- एक गैस सिलेन्डर इण्डेन कम्पनी
4- एक छत वाला पंखा
5- नगद 36600/ रुपये
6- अवैध 01 देसी तमंचा व 01 कारतूस 315 बोर
7- अवैध 01 चाकू
8- एक मोटर साईकिल अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट

**पूछताछ का विवरणः-**

अभियुक्तगण ने पूछताछ पर बताया कि हम लोग अपने अन्य साथियो के साथ मिलकर अधिकतर बन्द मकानो मे घूसकर चोरी की करते है। पहले हम इधर-उधर घूम फिर कर घरो की रैकी कर लेते है। इसके बाद घटना को अन्जाम देते है। जो पैंसे व सामान मिलता है उसे हम आपस मे बांट लेते है। हमने अपने साथियो के साथ थाना मूढ़ापाण्डें क्षेत्र में साल के दुसरे महीने में जुनियर हाईस्कूल इकटोरिया में चोरी की थी जहाँ से हमने रसोई का सामान गैस सिलेन्डर, रजिस्टर आदि तथा गांव सक्टूनंगला में रात्रि में एक घर में घुसकर कर चोरी की थी जहाँ से जैवरात व रुपये चोरी किये थे। रात्रि में चोरी करने के लिये हम लोग अपने साथ अवैध हथियार (तमंचा, चाकू आदि) भी रखते है। हमारे कुछ साथी थाना छजलैट पुलिस ने भी पकड़ लिये है। हमसे जो सामान बरामद हुआ है वह उक्त चोरीयों में हमने चुराया था।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्तगणः-**

(A) अभियुक्त शरीफ अहमद उपरोक्त

1- मु0अ0सं0 131/2025 धरा 305 /331(4) /317(2) बीएनएस व धारा 4/25 शस्त्र अधि0 थाना मूढापाण्डें जनपद मुरादाबाद
2- मु0अ0सं0 49/2025 धारा 305 (ए) /317(2) बीएनएस थाना मूंढापाण्डे जनपद मुरादाबाद
3- मु0अ0स0 252/2016 धारा 380/411/457 भादवि थाना पाकबडा जनपद मुरादाबाद
4- मु0अं0सं0 257/2016 धारा 380/411/457 भादवि थाना पाकबडा जनपद मुरादाबाद
5- मु0अं0स0 262/2016 धारा 380/411457 भादवि थाना पाकबडा ज नपद मुरादाबाद

6- मु0अ0स0 264/2016 धारा 380/411457 भादवि थाना पाकबडा जनपद मुरादाबाद
7- मु0अ0स0 266/2016 धारा 307/398/401 भादवि थाना पकाबडा जनपद मुरादाबाद
8- मु0अ0स0 268/2016 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना पाकबडा जनपद मुरादाबाद
9- मु0अ0स 341/2016 धारा 3(1) गैंग गैंगस्टर एक्ट थाना पाकबडा जनपद मुरादाबाद
10- मु0अ0सं0- 118/2025 धारा- 131(6)/310(2)/317(3) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना छजलैट जनपद मुरादाबाद।

(B) अभियुक्त जर्रार उपरोक्त-
1- मु0अ0सं0 131/2025 धारा 305/331(4)/317(2) बीएनएस व धारा 3/25 शस्त्र अधि0 थाना मूढापाण्डे जनपद मुरादाबाद
2- मु0अ0सं0 49/2025 धारा 305 (ए) /317(2) बीएनएस थाना मूंढापाण्डे जनपद मुरादाबाद
3- मु0अ0सं0- 118/2025 धारा- 131(6)/310(2)/317(3) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना छजलैट जनपद मुरादाबाद

**नोटः-अभियुक्तगण के अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।**

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**
1- प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार शर्मा थाना मूढांपाण्डे जनपद मुरादाबाद
2- उ0नि0 दीपक राणा थाना मूढांपाण्डे जनपद मुरादाबाद
3- उ0नि0 प्रशान्त सिंह थाना मूढांपाण्डे जनपद मुरादाबाद
4- उ0नि0 रोहित कुमार थाना मूढांपाण्डे जनपद मुरादाबाद
5- हे0कां0 कुलदीप नागर थाना मूढांपाण्डे जनपद मुरादाबाद
6- हे0कां0 नरेन्द्र कुमार थाना मूढांपाण्डे जनपद मुरादाबाद
7- कां0 संजीत मलिक थाना मूढांपाण्डे जनपद मुरादाबाद।

**2- थाना ठाकुरद्वारा पुलिस द्वारा 01 वारण्टी को गिरफ्तार कर मा0न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।**

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एंव अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व वांछित/वारण्टी, अपराधों में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 25.06.2025 को थाना ठाकुरद्वारा पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त इकबाल पुत्र शब्बीर निवासी ग्राम लालापुर पीपलसाना थाना ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद सम्बन्धित वारण्ट मुकदमा न0- 2050/2021 अ0सं0- 178/2021 धारा – 420/468/471 भादवि को गिरफ्तार कर संबंधित मा0न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।



**3- थाना मुगलपुरा पुलिस द्वारा 01 वारण्टी को गिरफ्तार कर मा0न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।**

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एंव अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व वांछित/वारण्टी, अपराधों में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 25.06.2025 को थाना मुगलपुरा पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्त फरजन्द पुत्र मोहम्मद नबी निवासी धनपुर सहदरा थाना स्वार जनपद रामपुर वर्तमान पता घोसियो वाली गली थाना कटघर जनपद मुरादाबाद संबंधित वारण्ट मुकदमा नं0 445/11 धारा 7/16 पीएफ एक्ट को गिरफ्तार कर संबंधित मा0न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।



**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

1- उ0नि0 ओम शुक्ला थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद

2- उ0नि0 सेवाराम सिह थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद

3- का0 प्रदीप कुमार थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद।

**4- जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने में 17 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।**

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय **पुलिस द्वारा 17 व्यक्तियों** को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 में हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**थाना मुगलपुरा-01, थाना कटघर-03, थाना गलशहीद-01, थाना भगतपुर- 04, थाना डिलारी- 03, थाना सोनकपुर-02, थाना मैनाठेर-02,**